कार्यालयः जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जोधपुर जिला

जिला एवं सैशन न्यायालय, जोधपुर जिला

(फोनः 0291–2943451; हेल्पलाईन : 8306002129; ई–मेल आई0डी0: dlsa24jodhpurdistrict@gmail.com)

क्रमांक : जिविसेप्रा / स्था. / संविदा सेवा / 2024–2025 / 02 दिनांक : 01.03.2024

–: विज्ञप्ति :–

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के पत्रांक एफ–7 (136)रालसा / संस्था / संविदा सेवा–वाहन / 2023 / 101 दिनांक 27.02.2024 द्वारा राजस्थान सरकार, विधि विभाग की आज्ञा संख्या पं.08(1)विधि–2 / विरसं(64) / 2015 पार्ट II दिनांक 14.02.2024 के द्वारा कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जोधपुर जिला हेतु प्राप्त अनुमति के क्रम में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के 10 रिक्त पदों (जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जोधपुर जिला कार्यालय हेतु जिला मुख्यालय पर 05 एवं तालुका विधिक सेवा समिति यथा फलौदी, बिलाड़ा, ओसियां, पीपाड़ व बालेसर हेतु 01–01, कुल 10) के विरूद्ध संविदा सेवा के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–2025 (दिनांक 01.04.2024 से 28.02.2025 तक) अथवा नियमित भर्ती होने तक, जो भी पूर्व में हो, के लिए कर्मचारी की आवश्यकता है। अतः कार्मिक विभाग के परिपत्र सं0एफ.17(10)डीओपी / ए–II / 94 दिनांक 08.02.2018 एवं 14.11.2018 से जारी दिशा निर्देशों के अन्तर्गत राज्य सरकार से सेवानिवृत्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी जिन्होंने 65 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं की है अथवा विपरीत प्रतिनियुक्ति पर कार्य करने के इच्छुक कर्मचारी, अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 15.03.2024 सांय 05:00 बजे तक इस कार्यालय को प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन प्रपत्र इस कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है अथवा इस न्यायक्षेत्र की वेबसाईट http://jodhpur.dcourts.gov.in/ से डाउनलोड किया जा सकता है।

(निहाल चन्द)
सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
(अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश)
जोधपुर जिला।

क्रमांक : जिविसेप्रा / स्था. / संविदा सेवा / 2024–2025 / 1–21 दिनांक : 01.03.2024

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः

1. श्रीमान् सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर।
2. श्रीमान् जिला एवं सैशन न्यायाधीश, जोधपुर महानगर / जोधपुर जिला।
3. श्रीमान् सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जोधपुर महानगर।
4. श्रीमान् जिला कलेक्टर, जोधपुर / फलौदी।
5. श्रीमान् अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा समिति, फलौदी / बिलाड़ा / ओसियां / पीपाड़ / बालेसर।
6. श्रीमान् सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, बाप / भोपालगढ़ / लोहावट।
7. श्रीमान् जिला नियोजन अधिकारी, जोधपुर।
8. श्रीमान् कोषाधिकारी, कोष कार्यालय, जोधपुर शहर / ग्रामीण।
9. श्रीमान् जिला जन सम्पर्क अधिकारी, जोधपुर।
10. श्रीमान् प्रभारी अधिकारी, पेंशन कार्यालय, जोधपुर।
11. सिस्टम ऑफिसर, जिला एवं सैशन न्यायालय, जोधपुर जिला (विज्ञप्ति वेबसाईट पर अपलोड करने बाबत्)
12. नोटिस बोर्ड, कार्यालय हाजा।

01.03.2024

(निहाल चन्द)
सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
(अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश)
जोधपुर जिला।